# राजकीय महाविद्यालय, दूबलधन (झज्जर)

## वार्षिक प्रतिवेदन 2022–2023

### महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

इस महाविद्यालय की स्थापना 1972 में दूबलधन तथा आस–पास के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु की गई। सर्वप्रथम इस महाविद्यालय का नाम इन्दिरा गांधी महाविद्यालय रखा गया। प्रारम्भ में दानी लोगों की सहायता से यह संस्था सुचारू रूप से कार्य करती रही, परन्तु कालान्तर में आर्थिक संकट को ध्यान में रखते हुए सन् 1980 में क्षेत्रीय महापुरुषों के सहयोग से इस महाविद्यालय का सरकारीकरण हुआ तथा महाविद्यालय का नाम राजकीय महाविद्यालय, दूबलधन रखा गया। इस महाविद्यालय की संबद्धता महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से है।

### विद्यार्थी संख्या एवं पाठ्य विषय

वर्तमान सत्र में इस महाविद्यालय में 407 विद्यार्थियों का प्रवेश ऑनलाइन किया गया। इनमें 107 विद्यार्थी अनुसूचित जाति तथा 76 विद्यार्थी पिछड़ी जाति से संबन्धित हैं। महाविद्यालय में कला संकाय की बी0 ए0 प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की कक्षाएं हैं, जिनमें अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल तथा अर्थशास्त्र विषयों के अध्ययन की व्यवस्था है।

### प्राध्यापक वर्ग

महाविद्यालय में 11 प्राध्यापक कार्यरत हैं। अंग्रेजी के दो, हिन्दी के दो, राजनीति शास्त्र का एक, इतिहास का एक, शारीरिक शिक्षा का एक, अर्थशास्त्र का एक, संस्कृत का एक तथा भूगोल के दो प्राध्यापक है। इसके अतिरिक्त भूगोल विषय में एक Extension Lecturer हैं।

इस सत्र में महाविद्यालय में आने वाले तथा सेवानिवृत्त स्टाफ–सदस्यों का विवरण इस प्रकार है :–

**(क) आगन्तुक स्टाफ सदस्य :**

1. श्री राजेश — सुख–सहायक

**(ख) सेवानिवृत स्टाफ सदस्य :**

1. डॉ0 मीनाक्षी गुप्ता — प्राचार्या
2. श्री नरेश कुमार — चौकीदार

### कार्यालय

महाविद्यालय में एक उप–अधीक्षक, एक सहायक तथा दो लिपिक के पद स्वीकृत हैं, जिनमें उप अधीक्षक के पद पर डॉ0 सुनील रानी कार्यरत हैं। सहायक तथा सुख सहायक के एक–एक पद रिक्त है। लिपिक के दोनों पद रिक्त है। इसके अतिरिक्त चौकीदार का भी एक पद रिक्त है।

## कोषाध्यक्ष

डॉ० रणदीप सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर (अंग्रेजी), महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष हैं, जो पूर्ण निष्ठा एवं कुशलता से इस कार्य का निर्वहन कर रहे हैं ।

## विश्वविद्यालय–स्तरीय परीक्षा परिणाम 2022–2023

विश्वविद्यालय–स्तरीय महाविद्यालय के 2022–2023 परीक्षा परिणामों का विवरण इस प्रकार है :–

| कक्षा | कुल विद्यार्थी | उतीर्ण विद्यार्थी | महाविद्यालय पास % | विश्वविद्यालय पास % | अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. 1 (सेमे.I) | 148 | 22 | 14.86 | 30.85 | -15.99 |
| बी.ए. 1 (सेमे.II) | 132 | 40 | 30.03 | 34.38 | -4.08 |
| बी.ए. 2 (सेमे.III) | 121 | 22 | 18.18 | 43.70 | -25.52 |
| बी.ए. 2 (सेमे.IV) | 112 | 42 | 37.5 | 54.92 | -17.42 |
| बी.ए. 3 (सेमे.V) | 129 | 40 | 31 | 53.15 | -22.15 |
| बी.ए. 3 (सेमे.VI) | 123 | 53 | 43 | 54.62 | -11.62 |

## परीक्षाएं

महाविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली से परीक्षाओं का आयोजन सुचारू रूप से हो रहा है। इसके अतिरिक्त सभी विषयों में Class Test भी होते हैं।

## महाविद्यालय–पत्रिका

विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा तथा सृजनशीलता को मंच प्रदान करने हेतु महाविद्यालय पत्रिका 'सिकता' का प्रकाशन किया जाता है। वर्तमान सत्र में मुख्य सम्पादक डॉ0 सुमन देवी है। हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी और समाज विज्ञान अनुभागों के सम्पादक क्रमशः डॉ0 सरला देवी, श्रीमती रेनु कुमारी, डॉ0 सतेन्द्र कुमार तथा श्री राजेश कुमार हैं और योजना–विभाग के संपादक श्री आशीष हैं ।

## अनुदान राशि

महाविद्यालय को इस वर्ष प्राप्त सरकारी अनुदान राशि का विवरण इस प्रकार है:–

1. महिला प्रकोष्ठ के लिए 25,000/– रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई।
2. वार्षिक खेल–कूद के लिए 10,000/- रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई।
3. Geog. Lab. के लिए 24,000/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।
4. Library के लिए 3,00,000/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।
5. Placement Cell के लिए 11,500/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।
6. Sadak Sureksha के लिए 17,900/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।
7. Boys Tour के लिए 20,000/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।
8. Passport or D.L के लिए 2,25,700/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।

9. EWYL के लिए 40,000/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 14000 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 362 पुस्तकें बुक बैंक में हैं। 1468 पुस्तकें प्लेसमेंट प्रकोष्ठ में तथा 381 पुस्तकें महिला प्रकोष्ठ में हैं, जिनसे विद्यार्थियों को रोजगार सम्बन्धी तथा महिला–विषयक उपयोगी जानकारी उपलब्ध होती है। महाविद्यालय में प्रतिदिन समाचार–पत्र आते हैं तथा महत्त्वपूर्ण पत्रिकाएं आती हैं।

महाविद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है। Library Restorer के पद पर श्रीमती मनीषा Contract basis पर सेवारत हैं। पुस्तकालय सहायक (Library Attendent) के पद पर श्री नवीन कुमार कार्यरत हैं।

## छात्रवृत्तियां

इस सत्र में हरियाणा सरकार की ओर से अनुसूचित जाति के 108 विद्यार्थियों को 2,000/- रुपये प्रति विद्यार्थी पुस्तकों के लिए तथा 1,000/- रुपये प्रति माह प्रत्येक विद्यार्थी को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

हरियाणा स्टेट मेरिटोरियस इन्सैन्टिव स्कीम के अन्तर्गत महाविद्यालय के 2020–2021 के बी0ए0 III के 09 विद्यार्थियों को 30,000/-रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। 'Under Graduate Girls Education Scheme' के अन्तर्गत बी0 ए0 I की 10 मेधावी छात्राओं को 30,000/–रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

## हिंदी साहित्य परिषद

मातृभाषा एवं राजभाषा हिन्दी के गौरव व महत्त्व को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा एवं उसके साहित्य के प्रति अभिरूचि जगाने व भाषायी दक्षता विकसित करने के उद्धेश्य से डॉ० सुमन, सहायक प्रोफेसर (हिन्दी) एवं डॉ० सरला सहायक प्रोफेसर (हिन्दी) के दिशा– निर्देशन में हिन्दी साहित्य परिषद् कार्यरत हैं।

दिनांक 10 जनवरी, 2022 को विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में कहानी लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।

दिनांक 12 जुलाई, 2022 को महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'हिन्दी साहित्य का भक्ति काल' विषय पर करवाई गई, इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

दिनांक 13 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय स्तर पर 'हिन्दी भाषा और साहित्य विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।

दिनांक 14 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय में कविता पाठ प्रतियोगिता करवाई गई।

## संस्कृत साहित्य परिषद्

विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति अभिरूचि उत्पन्न करने, भाषागत दक्षता पैदा करने व उच्चारण की शुद्धता के उद्धेश्य से श्रीमती रेनु कुमारी, सहायक प्रोफेसर (संस्कृत) के दिशा निर्देशन में संस्कृत साहित्य परिषद कार्यरत हैं।

दिनांक 05 दिसम्बर, 2022 को श्रीमद्भगवद्गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में ''गीता–स्लोंगन लेखन प्रतियोगिता'' और ''गीता–पोस्टर मेकिंग'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोंगन लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान (BA III) ने प्रथम स्थान, मोनिका (BA I) ने द्वितीय स्थान एंव भावना (BA II) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पूजा रानी (BA III) ने प्रथम स्थान, विपिन (BA I) ने द्वितीय स्थान एंव एकता (BA I) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## अंग्रेजी साहित्य परिषद्

अंग्रेजी भाषा की उपयोगिता व महत्व को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा व साहित्य के प्रति अभिरूचि जगाने व भाषायी दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से डॉ० रणदीप सिंह सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) एवं डॉ० सतेन्द्र कुमार, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) के दिशा – निर्देशन में अंग्रेजी साहित्य परिषद कार्यरत है ।

अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों को पारंगत करने के लिए तीनों कक्षाओं में Book Reading की प्रतियोगिता करवाई गई । विद्यार्थियों के अंग्रेजी में शब्दकोष को उन्नत करने के लिए कक्षाओं में समानार्थक व विलोम शब्दों की प्रतियोगिताएं करवाई गई । विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा की वर्तनी ठीक करने के लिए प्रतियोगिताएं करवाई गई । विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा के व्याकरण के ज्ञान को उन्नत करने के लिए एकवचन बहुवचन की प्रतियोगिता करवाई गई । विद्यार्थियों को शुद्ध व प्रभावी अंग्रेजी बोलने का अभ्यास करवाने के लिए प्रतियोगिता करवाई गई ।

इस प्रकार विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा सम्बन्धी स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया गया ।

## भूगोल परिषद्

डॉ० सुमन सहायक प्रोफेसर (भूगोल) एवं डॉ० सोमवीर, सहायक प्रोफेसर (भूगोल) के दिशा – निर्देशन में भूगोल परिषद कार्यरत है ।

दिनांक 16 मार्च, 2023 को भूगोल, अर्थशास्त्र तथा इतिहास विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में "Development @75: Social, Economics & Cultural Changes" विषय पर एक दिवसीय बहू विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में हरियाणा तथा अन्य राज्यों से 382 प्रतिभगियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए जिसमें लगभग 48% महिलाओं की भागीदारी रही।

दिनांक 26–30 अप्रैल, 2023 तक राजकीय महाविद्यालय दूबलधन झज्जर के भूगोल विभाग द्वारा बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसमें 7 छात्राओं ने स्वयं वित्त प्रबंधन करके हरिद्वार, ऋषिकेश, देवप्रयाग, देहरादून

का भ्रमण कर भौगोलिक ज्ञान प्राप्त किया तथा ऋषिकेश के रायवाला गांव का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण करके रिपोर्ट तैयार की।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

दिनांक 12–13 अक्टूबर, 2022 को महाविद्यालय में 'प्रतिभा खोज' कार्यक्रम के अन्तर्गत एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल एंव समूह गान, सस्कृंत हिंदी व हरियाणवी काव्य–पाठ, मेंहदी प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

दिंनाक 14–15 अक्टूबर, 2022 को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय ऑनलाइन अतंर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने हिंदी कविता पाठ में तृतीय तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एक विद्यार्थी ने प्रथम व दो विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

20 अक्टूबर, 2022 को महर्षि दयांनद विश्वविद्यालय रोहतक के इंस्टिटयूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय शेफ दिवस' के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के 'हरियाणवी भोजन' तैयार करने में महाविद्यालय की छात्रा पुष्पा और मीनू ने प्रथम पुरस्कार तथा दो तृतीय पुरस्कार प्राप्त किये।

दिनांक 1 नवंबर, 2022 को हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य पर महर्षि दयांनद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित हरियाणवी व्यंजन प्रतियोगिता में चार छात्राओं पुष्पा, मीनू, पूनम और पिंकी की टीम ने भाग लिया तथा 5100/– रुपये का सांत्वना पुरुस्कार जीता।

## खेलकूद

डॉ० मयंक सहायक प्रोफेसर (शारीरिक शिक्षा) के कुशल निर्देशन में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

दिनांक 21 फरवरी, 2022 को उच्चतर शिक्षा विभाग के द्वारा राजकीय महाविद्यालय साँपला में आयोजित अंतः महाविद्यालय राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कु० वर्षा (बी०ए० II) ने कास्य पदक प्राप्त किया।

दिनांक 30 नवम्बर–02 दिसम्बर, 2022 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय वार्षिक एथलेटिक मीट में हमारे 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें कु० आशीष (बी०ए० II) ने 400 meter Hurdle Race में कास्य पदक प्राप्त किया और कु० हीना (बी०ए० II) ने High Jump में कास्य पदक प्राप्त किया।

दिनांक 11 दिसम्बर, 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय Wrestling चैंपियनशिप में कु० वर्षा (बी०ए० II ) ने रजत पदक प्राप्त किया।

दिनांक 12 दिसम्बर, 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय Wrestling चैंपियनशिप में कु० निखिल (बी०ए० I ) ने रजत पदक प्राप्त किया और कु० अनिल (बी०ए० I) ने Judo चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में चयनित हुआ।

दिनांक 22 फरवरी, 2023 को वैश्य महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय Jump Rope (Women) में कु० मुस्कान, ममता, रितु और ममता की टीम ने कास्य पदक प्राप्त किया और Jump Rope (Men) में कु० सोमबीर, राहुल, अरूण और रजनीश की टीम ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

विद्यार्थियों में अनुशासन, सद्भावना, आपसी सहयोग, नेतृत्व, श्रम और सेवा भावना विकसित करने के लिए महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की दो यूनिट कार्यरत हैं। यूनिट I के प्रभारी डॉ० कर्मबीर गुलिया हैं तथा यूनिट II के प्रभारी डॉ० सुमन कुण्डु हैं। प्रभारियों के कुशल दिशा–निर्देशन में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई गई जो निम्न प्रकार से हैं :–

दिनांक 15–31 जुलाई, 2022 तक पौधा रोपण अभियान की श्रृंखला में महाविद्यालय में NSS ईकाई I और II के द्वारा महाविद्यालय प्रागंण में अनेक बार पौधा रोपण किया गया। इस श्रृंखला में महाविद्यालय में लगभग 400 पौधे लगवाए। जिनमें नीम, पीपल, बरगद, अशोका, पारिजात के पौधे शामिल हैं। कॉलेज प्राचार्या डॉ0 मीनाक्षी गुप्ता ने पौधा रोपण कर स्वयं सेवकों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया। जटेला धाम के महंत श्री राजेन्द्र दास ने महाविद्यालय में त्रिवेणी रोपित कर संदेश दिया कि नीम, बरगद और पीपल के अधिक से अधिक पौधे हमें लगाने चाहिए, क्योंकि ये ऑक्सीजन के सबसे अच्छे स्त्रोत हैं। इस अवसर पर स्वंय सेवकों के एन. एस. एस. सर्टिफिकेट भी बाटें गये। सभी स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय प्रागंण में पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने की शपथ ली।

दिनांक 1–15 सितम्बर,2022 तक म0 द0 वि0 रोहतक में स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया। इसी श्रृंखला में महाविद्यालय में भी साफ–सफाई करके स्वयं सेवकों ने स्वच्छता कार्यक्रम में में अपना योगदान दिया। स्वयं सेवकों ने इस अवसर पर नए पौधे लगाए और पहले से लगाए गए पौधों की निराई–गुढाई करके उनमें पानी डाला। स्वच्छता के महत्व से समाज को अवगत करवाने के लिए स्वयं सेवकों द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन भी किया। इसी कड़ी में स्वयं सेवकों ने स्वच्छता पर स्लोंगन लेखन करके सभी को स्वच्छता के लाभों से अवगत कराया।

दिनांक 6 अक्टूबर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–I और इकाई–II के अन्तर्गत; सत्र 2022–23 का प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन, प्राचार्या डॉ0 सविता परुथी के निर्देशन और एन. एस. एस. प्रभारी डॉ० कर्मबीर गुलिया और डॉ० सुमन कुण्डु के नेतृत्व में किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय प्रागंण को प्लास्टिक मुक्त बनाना रहा। सभी स्वयं सेवकों ने सारा प्लास्टिक इकट्ठा करके उसका उचित निपटारा किया। स्वयं सेवकों ने पौधों की

निराई–गुढाई करके उनमें पानी डाला। स्वयं सेवकों ने बडें उत्साह के साथ काम किया। सभी स्वयं सेवकों को शिविर के अन्त में जलपान करवाया गया।

दिनांक 16–22 अक्टूबर, 2022 तक राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में एन. एस. एस. की इकाई–I और इकाई–II के द्वारा सयुक्त रूप से सात दिवसीय शिविर का प्रांरभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सविता परुथी के निर्देशन और एन. एस. एस. प्रभारी डॉ० कर्मबीर गुलिया और डॉ० सुमन कुण्डु के मार्गदर्शन में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रुप में महर्षि दयांनद विश्वविद्यालय रोहतक के निदेशक (जनसंपर्क विभाग) डॉ0 सुनित मुखर्जी ने शिरकत की। सुनित मुखर्जी ने 16 अक्टूबर विश्व खाद्य दिवस पर स्वयं सेवकों से प्रण लेने का आह्वान किया कि हमें किसी भी अवस्था में खाने की बर्बादी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने अनेक प्ररेणादायक उदाहरण देते हुए बताया कि दृढ संकल्प से किस प्रकार सकारात्मक सामाजिक बदलाव लाया जा सकता हैं। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि को स्वयं सेवकों व प्रभारी डॉ० कर्मबीर गुलिया और डॉ० सुमन कुण्डु के द्वारा तुलसी का पौधा और स्मृति चिह्न भेंट देकर सम्मानित किया गया। दोपहर कालीन भोजन के उपरान्त स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। कार्यक्रम का समापन एन. एस. एस. तालियों और राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 को NSS शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत NSS गीत के साथ हुई। इस दिन जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में 'रक्त दान शिविर' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर उत्साहित किया। स्वयं सेवकों व महाविद्यालय स्टाफ ने इस शिविर में बढ़–चढ़ कर भाग लिया और रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा रखे गए लक्ष्य (50 यूनिट) को पूरा किया। रक्तदाताओं को फल और भोजन दिया गया।

सांयकालीन सत्र में CHC दूबलधन से कुमारी ज्योति ने स्वयं सेवकों को योग के महत्व को समझाते हुए योग क्रियाएं करवाई गई।

दिनांक 18 अक्टूबर, 2022 NSS शिविर के तीसरे दिन प्रातःकालीन सत्र में डॉ0 स्वीटी फोगाट (सहायक प्रोफेसर विधि विभाग) सी. आर. कॉलेज (Law) रोहतक, का व्याख्यान रहा।

सायंकालीन सत्र में स्वयं सेवकों के चार ग्रुप बनाए गए।

पहले ग्रुप ने गांव में 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' पर जागरुकता रैली निकाली।

दूसरे ग्रुप ने 'पराली न जलाने' पर जागरुकता रैली निकाली।

तीसरे ग्रुप ने गांव में 'नशा मुक्ति' पर एक जागरुकता रैली निकाली।

चौथे ग्रुप ने गांव के वृद्धों के पास दौरा किया और उनका हाल–चाल पूछा।

दिनांक 19 अक्टूबर, 2022 को NSS शिविर के चौथे दिन प्रातःकालीन सत्र में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ0 सरला और डॉ0 राजेश के निर्देशन में हुआ।

इसी सत्र में झज्जर से SHO रीना और उनकी टीम ने स्वयं सेवकों को 'दुर्गा शक्ति' एप की जानकारी दी।

साइबर क्राइम से बचने के तरीकों के बारे में बताया।

सडक–सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

सायंकालीन सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया।

दिनांक 20 अक्टूबर, 2022 को NSS शिविर के पॉचवें दिन की शुरुआत श्रमदान के साथ हुई।

प्रातःकालीन सत्र में ही डॉ0 हेमलता शर्मा (सहायक प्रोफेसर हिंदी विभाग) जनता कॉलेज चरखी दादरी, का व्याख्यान रहा। उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण पर स्वयं सेवकों को महत्वपूर्ण गुर सिखाएं।

सायंकालीन सत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 'पिलाना' के प्राचार्य श्री सुरेन्द्र हुड्डा का व्याख्यान रहा। उन्होंने स्वयं सेवकों को 'कौशल निर्माण' पर बल देने की बात कही।

दिनांक 21 अक्टूबर, 2022 को NSS शिविर के छठे दिन प्रातःकालीन सत्र में स्वयं सेवकों के बीच समाजसेवी डॉ0 भूपेन्द्र अहलावत जी उपस्थित हुए। 'भविष्य में रोजगार की संभावनाओं' पर उनका व्याख्यान रहा।

इसके उपरांत स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया।

सायंकालीन सत्र में वैश्य कॉलेज भिवानी से राजनीति विज्ञान की सहायक प्रोफेसर, डॉ0 रीना का व्याख्यान रहा। उन्होंने स्वयं सेवकों को मौलिक अधिकार और कर्त्तव्यों के बारे में बताया।

दिनांक 22 अक्टूबर, 2022 को NSS शिविर के सातवें दिन की शुरुआत योग क्रियाओं के साथ हुई।

प्रातःकालीन सत्र में स्वयं सेवकों के बीच हिन्दू कॉलेज से डॉ0 संगीता, भूगोल प्रोफेसर और डॉ0 उषा दहिया, राजनीति विज्ञान की सहायक प्रोफेसर, उपस्थित रहीं। डॉ0 संगीता ने 'पर्यावरण के रक्षण में स्वयं सेवकों का योगदान' विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

डॉ0 उषा दहिया ने 'गाधीं : जीवन और दर्शन' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

दोपहर बाद के सत्र में शिविर के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रुप में जटेला धाम (माजरा दू0) के महंत श्री राजेन्द्र दास ने शिरकत की।

स्वयं सेवकों ने गीत, भजन और सुवाक्यों से उनका स्वागत किया।

100 स्वयं सेवकों (50+50) से 20 श्रेष्ठ स्वयं सेवकों का चयन करके पुरस्कृत किया गया।

दो सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवकों (प्रत्येक यूनिट से एक) का चयन किया गया, जिसमें यूनिट I से कुमार अरुण, बी. ए. तृतीय वर्ष, अनुक्रमांक 120052002197 और यूनिट II से कुमारी ज्योति बी. ए. तृतीय वर्ष, अनुक्रमांक 120052002153 रहे।

दोनों स्वयं सेवकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

शिविर के सफल समापन पर यूनिट I के प्रभारी डॉ० कर्मबीर गुलिया और यूनिट II की प्रभारी डॉ० सुमन कुण्डु ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

दिनांक 2 दिसम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में एन. एस. एस. की इकाई–I और इकाई–II के द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय शिविर का आयोजन

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सविता परुथी के निर्देशन और एन. एस. एस. प्रभारी डॉ० कर्मबीर गुलिया और डॉ० सुमन कुण्डु के मार्गदर्शन में किया गया।
इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जुलाई, अगस्त में लगाए गए पौधों की निराई–गुढाई और अतिरिक्त खरपतवार को हटाना और उनमें पानी डालना रहा।
सभी स्वयं सेवकों को शिविर के अन्त में जलपान करवाया गया।

दिनांक 12 जनवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में एन. एस. एस. की इकाई–I और इकाई–II के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य में विवेकानन्द के जीवन दर्शन पर निंबध लेखन प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण और एक जागरुकता रैली का आयोजन किया।

दिनांक 25 जनवरी, 2023 को महाविद्यालय की एन.एस.एस. की इकाई–I और इकाई–II के द्वारा मतदाता दिवस के रुप में मनाया गया।
एन.एस.एस. इकाई–II की दो छात्राओं कु0 वंदना, (बी.ए.1), व कु0 ज्योति (बी.ए.1), ने म0 द0 वि0 रोहतक द्वारा लगाए गए National Integration Camp में प्रतिभागिता की।

दिनांक 26 जनवरी, 2023 को महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई I और II के स्वयं सेवकों द्वारा इंचार्ज के साथ ध्वजारोहण किया गया।

दिनांक 8 फरवरी, 2023 को एन.एस.एस. इकाई I के प्रभारी डॉ0 कर्मवीर गुलिया और एन.एस.एस. इकाई II की प्रभारी डॉ0 सुमन देवी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के 23 एन. एस.एस. स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं का एक दिवसीय भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान, ससंद भवन और इडिंया गेट का शैक्षणिक भ्रमण किया।

दिनांक 15 फरवरी, 2023 स्वामी दयानंद सरस्वती जयतीं पर म0 द0 वि0 रोहतक में 20 स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

दिनांक 13 अप्रैल, 2023 महाविद्यालय में वैशाखी एंव डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान, नारा लेखन प्रतियोगिता और जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

दिनांक 5 जून, 2023 विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एन.एस.एस. स्वयं सेवकों और एन. सी. सी. कैडेट के द्वारा पौधा रोपण किया गया।

## रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब

महाविद्यालय में रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ० रणदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) हैं ।

दिनांक 12 अगस्त, 2022 को महाविद्यालय में नशा मुक्त अभियान मनाया जिसमें स्वयं सेवकों ने कोई भी नशा न करने की प्रतिज्ञा ली।

दिनांक 16 अगस्त, 2022 को रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ० रणदीप सिंह ने चार स्वयं सेवकों के साथ सिविल अस्पताल झज्जर में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

दिनांक 27 अगस्त, 2022 को महाविद्यालय में यूथ डे का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में सरस्वती (बी०ए० II) ने प्रथम एवंम शीतल (बी०ए० III) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 को महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 50 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। इस शिविर में रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ० रणदीप सिंह ने भी एक यूनिट रक्त दिया।

दिनांक 13—17 नवम्बर, 2022 तक VASMM कालेज बहादुरगढ में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण ट्रेनिंग शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में महाविद्यालय के 11 रेडक्रॉस स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस शिविर में रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ० रणदीप सिंह को सर्वश्रेष्ठ मेल काउसंलर पुरुस्कार से नवाजा गया।

दिनांक 23—25 नवम्बर, 2022 तक 27 वें राज्य स्तरीय एम्बुलेंस प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में किया गया। इन प्रतियोगिताओं में हमारे 05 रेडक्रास स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

दिनांक 29 जनवरी, 2023 को महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया। इस आयोजन में 50 रेडक्रास स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

दिनांक 15 मार्च, 2023 को महाविद्यालय में एंटी टी. बी. कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झज्जर के C.M.O सर ने अपनी टीम के साथ रेडक्रास स्वयं सेवकों के साथ वार्तालाप की। C.M.O सर ने टी. बी. के भारत से सम्पूर्ण उन्मूलन विषय पर अपने विचार रखे।

दिनांक 24 मार्च, 2022 को जिला प्रशासन द्वारा भूकंप की मॉक ड्रिल का आयोजन जिला मुख्यालय झज्जर में करवाया गया। इस आयोजन में हमारे 30 रेडक्रास स्वयं सेवकों और 03 काउंसलर ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर

सत्र 2022—23 में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा लेफ्टिनेंट सोमवीर सिंह, सहायक प्रवक्ता (भूगोल) के निर्देशन में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सत्र 2022—23 में महाविद्यालय प्रांगण में लेफ्टिनेंट सोमवीर सिंह के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस व गणतन्त्र दिवस मनाया गया व एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति महाविद्यालय में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया।

जून, 2022 में बी.ए. तृतीय वर्ष के 14 कैडेट्स व नवम्बर, 2022 में बी.ए. द्वितीय वर्ष के 10 कैडेट्स ने 1 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. रोहतक द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

दिनांक 22 अप्रैल, 2023 को एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी को हरा भरा बनाने की दिशा में काम करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में नींबू के पौधे लगाए गए व पर्यावरण संरक्षण जागरुकता रैली निकाली गई।

## महिला प्रकोष्ठ

छात्राओं को सशक्त बनाने एवं उनमें आत्मविश्वास व जागृति उत्पन्न करने हेतु महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ कार्यरत हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० सरला देवी, सहायक प्रोफेसर (हिन्दी) के दिशा– निर्देशन में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सितंबर माह को 'पोषण–माह' के रूप में मनाया गया ।

दिनांक 06 सितंबर, 2022 को महाविद्यालय में 'नारा लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

दिनांक 21 सितंबर, 2022 को 'संतुलित आहार' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने 'उचित पोषण–स्वस्थ जीवन' के आधार पर पौष्टिक भोजन बनाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

दिनांक 12 अक्टूबर, 2022 को महाविद्यालय में 'करवाचौथ' के उपलक्ष्य पर 'मेहंदी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसमें विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

दिनांक 26 नवम्बर, 2022 को महाविद्यालय में 'महिला–सशक्तिकरण' एवं 'व्यक्तित्व–निर्माण' विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट वक्ता के रुप में डॉ0 पूजा अलाहन, सहायक प्रोफेसर, हिंदी FGM महाविद्यालय (हिसार) जो कि मिसेज हरियाणा (2019), मिसेज इंडिया फेस (2019), ब्रांड एंबेसडर (एंटी करप्शन फाउंडेशन) एंव असंख्य पुरस्कारों से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता के रुप में प्रसिद्ध है, ने शिरकत की। डॉ0 पूजा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खुद पर विश्वास करें, अपने लक्ष्य का निर्धारण करें, सफलता आपके कदम अवश्य चूमेंगी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 कर्मवीर गुलिया ने डॉ0 पूजा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

दिनांक 3 दिसम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन, में महिला–प्रकोष्ठ के तत्वावधान से महाविद्यालय की छात्राओं को कानूनी जागरुकता ( अधिकार एवं कर्तव्य ) का बोध करवाने के लिए श्री विशाल राज, सहायक जिला अधिवक्ता, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, झज्जर द्वारा विस्तृत व्याख्यान का आयोजन करवाया गया । उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनपढ़ता और अज्ञानता के कारण उन्हें अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ सकता है। इसलिए शिक्षित और जागरूक होना अत्यावश्यक है ।

दिनांक 25 जनवरी, 2022 को महाविद्यालय में 'मतदाता दिवस' के उपलक्ष्य पर 'पोस्टर मेकिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विजेता प्रतिभगियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## प्लेसमेंट सैल

श्री राजेश कुमार सहायक प्रोफेसर (इतिहास) के दिशा – निर्देशन में प्लेसमेंट प्रकोष्ठ कार्यरत है ।

दिनांक 01 मार्च, 2023 को प्लेसमेंट सेल, एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों में रोजगार कौशल (Personality Development, Reasoning, Group Discussion, Interview) के विकास के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय एवं उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गावों के 92 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

दिनांक 03 मार्च, 2023 को प्लेसमेंट सेल, एन. सी. सी. एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में 'सेनाओं में रोजगार के अवसर व चुनौतियां' विषय पर कर्नल जे. एस. बुधवार द्वारा व्याख्यान दिया गया।

दिनांक 12 अप्रैल, 2023 को महाविद्यालय के इतिहास विभाग के 55 विद्यार्थियों ने डॉ0 राजेश और डॉ0 सुमन के मार्गदर्शन में अर्ष महाविद्यालय गुरूकुल, झज्जर और पुरातात्विक सग्रंहालय झज्जर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने गुरूकुल शिक्षा प्रणाली, स्वामी ओमानन्द सरस्वती का व्यक्तित्व और प्राचीन सग्रंहालय के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करके अपना ज्ञानवर्धन किया।

दिनांक 19–20 अप्रैल, 2023 को प्लेसमेंट सेल, एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में ICICI बैंक एवं NIIT के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया, इनमें से 08 विद्यार्थियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया।

## उन्नत भारत अभियान

श्री राजेश कुमार सहायक प्रोफेसर (इतिहास) के दिशा – निर्देशन में उन्नत भारत अभियान कार्यरत है।

दिनांक 20 नवम्बर, 2022 को उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत पराली प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में चौ0 चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के डॉ0 अशोक रोहिला ने विस्तारपूर्वक पराली प्रबंधन के तरीकों से अवगत कराया।

अन्य सभी गतिविधियां प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

## सूचना का अधिकार

निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार महाविद्यालय में सूचना का अधिकार ( RTI ) प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है ।

प्राचार्य श्री अशोक कुमार वर्मा इस महाविद्यालय के प्रथम प्राधिकरण अधिकारी है।

डॉ० रणदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर ( अंग्रेजी ) इस प्रकोष्ठ के राज्य जन सूचना अधिकारी है।

डॉ० मयंक, सहायक प्रोफेसर ( शारीरिक शिक्षा ) इस प्रकोष्ठ के सहायक राज्य जन सूचना अधिकारी हैं ।

इस प्रकोष्ठ ने 'सूचना का अधिकार अधिनियम–2005' के तहत मांगी गई विविध सूचनाओं को त्वरित गति से उपलब्ध करवाया । श्री तरूण (Computer Instructor) ने इस कार्य में सहयोग दिया।

## EDUSAT & SOFT SKILLS

महाविद्यालय में Edusat प्रणाली व Soft Skills के संयोजक श्री आशीष, सहायक प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) हैं।

## Computer Education

सत्र 2022–2023 में निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा के आदेशानुसार महाविद्यालय में बी०ए० I के विद्यार्थियों को Computer Education विषय (Theory and Practical) कक्षाओं में पढ़ाया जा रहा है। Computer Instructor के पद पर श्री तरुण कुमार अग्रवाल कार्यरत हैं। महाविद्यालय में कुल 50 कम्प्यूटर, 02 बड़े UPS System व 04 Printers हैं।

Computer Education की कार्य–प्रभारी डॉ० सुमन सहायक प्रोफेसर (भूगोल) के दिशा–निर्देशन में सुचारू रूप से चल रहा हैं। दो कक्षों को कम्प्यूटर प्रयोगशाला के रूप में सुनियोजित किया गया है, जिनमें Internet की सुविधा उपलब्ध है।

## अन्य गतिविधियां

दिनांक 15 अगस्त, 2022 को महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया डॉ० सविता परुथी व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। एन०सी०सी० कैडेट्स ने तिरंगे झंडे को सलामी दी।

दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया गया।

दिनांक 25 नवंबर, 2022 को महाविद्यालय में झंडा दिवस मनाया गया।

दिनांक 26 नवंबर, 2022 को महाविद्यालय में 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ० कर्मबीर ने संविधान में लिखित अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

दिनांक 26 जनवरी, 2023 को महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर प्राचार्या महोदया डॉ० सविता परुथी ने देश पर अपना बलिदान देने वाले वीर शहीदों को याद किया। सभी स्टाफ सदस्यों व एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगे झंडे को सलामी दी।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

**डॉ0 कर्मबीर, सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) ने–**

1. दिनांक 31 अगस्त, 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'India's claim for permanent membership in United Nation Security Council' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

2. दिनांक 12–21 सितम्बर, 2022 तक Atal Bihari Vajpayee Institute of Mountaineering & Allied sports Manali-175131 HP द्वारा आयोजित Adventure camp में प्रतिभगिता की एवं सफलतापूर्वक पूरा किया।
3. दिनांक 12–16 जनवरी, 2023 तक हुबली–धारवाड़ कर्नाटक में आयोजित 26 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2023 में प्रतिभगिता की।
4. दिनांक 27–28 जनवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय Dudu एवं राजकीय महिला महाविद्यालय Dudu, जयपुर (राजस्थान) द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में "Climate Change and Health Effect" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
5. दिनांक 4 फरवरी, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की सहभागिता से राजकीय महाविद्यालय बड़ौता गाोहाना में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगाोष्ठी में "Women in Haryana Region During Period" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
6. दिनांक 17 फरवरी 2023 को छोटू राम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत द्वारा आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगाोष्ठी में "Covid-19 and its impact on Centre –State Relations in India" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
7. दिनांक 01 मार्च, 2023 को Arthshastra Indian Journal of Economics & Research पत्रिका में "Impact of GST on the sales of BSE-Listed Hotel & Tourism Companies" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
8. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) द्वारा 'Development@75: Social, Economic and Cultural Changes' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ0 रणदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) ने –**

1. दिनांक 10 सितम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय बिरोहड (झज्जर) में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'The concern of History and English' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
2. दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 को महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में एक यूनिट रक्त दान किया।
3. दिनांक 13–17 नवम्बर, 2022 तक वैश्य आर्य शिक्षा महिला महाविद्यालय, बहादुरगढ़ में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में सर्वश्रेष्ठ पुरुष काउंस्लर का खिताब प्राप्त किया।
4. दिनांक 04 फरवरी, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की सहभागिता से राजकीय महाविद्यालय बड़ौता (गोहाना) में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'साहित्य में महिलाओं का योगदान' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

5. दिनांक 16 मार्च, 2023 को महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Gender Sensitization and Women Empowerment in Literature' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
6. दिनांक 24 मार्च, 2023 को जिला रेडक्रॉस सोसाइटी झज्जर द्वारा जिला हेडक्वाटर पर आयोजित भूकंप मॉक ड्रिल में भाग लिया।

**डॉ0 मयंक, सहायक प्रोफेसर (शारीरिक शिक्षा) ने –**

1. दिनांक 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर, 2022 तक रामानुज महाविद्यालय, दिल्ली द्वारा संचालित 'Advance Research Methodology' विषय पर आयोजित अन्तःविषयक द्वि–साप्ताहिक ऑनलाइन पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।
2. दिनांक 08 अक्टूबर, 2022 को ब्रिगेडियर रणसिहं राजकीय महाविद्यालय दुजाना, झज्जर द्वारा आयोजित "Soft skills : the career attributes" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
3. दिनांक 4 फरवरी, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की सहभागिता से राजकीय महाविद्यालय बड़ौता गाोहाना में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगाोष्ठी में "Women Empowerment through Sports" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया एवं सत्र सचांलन में सह–अध्यक्षता (Co-chaired) की भूमिका का निर्वहन किया।
4. दिंनाक 17 फरवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय, सांपला (रोहतक) द्वारा आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Role of Physical Education in Ancient India" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
5. दिनांक 01–02 मार्च, 2023 को चौधरी रणबीर सिहं विश्वविद्यालय, जींद द्वारा आयोजित दो दिवसीय अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "Yoga for treatment of Mental Disaorder" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
6. दिनांक 15 मार्च, 2023 को इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''साहित्य संस्कार और योग'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
7. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) द्वारा 'Development@75: Social, Economic and Cultural Changes' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Sports and Socio Economics Development" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
8. दिनांक 17–18 मार्च, 2023 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Contribution of sports to Indian History" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
9. दिनांक 28 मार्च, 2023 को वैश्य महाविद्यालय भिवानी द्वारा आयोजित बहुविषयक अतंर्राष्ट्रीय सेमिनार में "Heal their Societies for healthy populations" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
10. दिनांक 29 मार्च, 2023 को लालनाथ हिन्दू कॉलेज रोहतक द्वारा ''वैश्वीकरण के दौर में साहित्य, राजनीति, मीडिया और बाजार'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय

बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''वैश्वीकरण परिप्रेक्ष्य में शरीरिक शिक्षा का महत्व'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री राजेश कुमार, सहायक प्रोफेसर (इतिहास) ने –**

1. दिनांक 17 फरवरी 2023 को छोटू राम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगाोष्ठी में ''ब्रिटिश शासनकाल में संघवाद'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
2. दिनांक 11–12 मार्च, 2023 को स्वामी नितानंद वाणी प्रचार–प्रसार समिति, जटेला धाम, माजरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''स्वामी नितानंद की वाणी की उपयोगिता'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
3. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्याालय दूबलधन द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''संत आजादी के बाद हरियाणा में सामाजिक परिवर्तन'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
4. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्याालय दूबलधन द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल संचालन में Organising Secretary के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

**श्रीमती रेनु कुमारी, सहायक प्रोफेसर ( संस्कृत )** ने–

1. दिनांक 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर, 2022 तक रामानुज महाविद्यालय, दिल्ली द्वारा संचालित 'Advance Research Methodology' विषय पर आयोजित अन्तःविषयक द्वि–साप्ताहिक ऑनलाइन पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।
2. दिनांक 08 अक्टूबर, 2022 को ब्रिगेडियर रणसिहं राजकीय महाविद्यालय दुजाना, झज्जर द्वारा आयोजित "Soft skills : The career attributes" विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
3. दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को गुरु काशी विश्वविद्यालय तलवंडी साबो, भटिण्डा व महर्षि वाल्मीकि शोध पीठ (म.द.वि.) रोहतक के सयुंक्त तत्वावधान में "Sant Sahitya & Religion & Philosophy & Science'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''वाल्मीकि रामायण में चार्वाक दर्शन'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
4. दिंनाक 05–13 दिसम्बर 2022 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा "Implementation of NEP-2020 for university and college Teachers" विषय पर आयोजित Professional Development Programme को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
5. दिनांक 4 फरवरी, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की सहभागिता से राजकीय महाविद्यालय बड़ौता गोहाना में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''साहित्य में महिलाओं का योगदान'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
6. दिंनाक 17 फरवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय, सांपला (रोहतक) द्वारा आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''सस्ंकृत नीतिशास्त्रों की आधुनिक जीवन में प्रासंगिकता'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
7. दिनांक 16 मार्च, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की सहभागिताा से राजकीय महाविद्याालय दूबलधन झज्जर में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

में ''स्वातंत्र्योतर संस्कृत साहित्य का सामाजिक विकास में योगदान'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

8. दिनांक 22–23 जून, 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में संस्कृत–पालि–प्राकृत विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''वाल्मीकि रामायण में श्री राम की राजनैतिक मर्यादाओं की आधुनिक संदर्भ में सार्थकता'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री आशीष सहायक, प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) ने–**

1. दिनांक 22 अगस्त से 05 सितम्बर, 2022 तक रामानुज महाविद्यालय, दिल्ली द्वारा संचालित 'Advance Research Methodology' विषय पर आयोजित अन्तः विषयक द्वि–साप्ताहिक ऑनलाईन पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।
2. दिनांक 4 फरवरी, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की सहभागिता से राजकीय महाविद्यालय बड़ौता गोहाना में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Economics Empowerment of Elderly women in Haryana : Role of old age pension" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
3. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) द्वारा 'Development@75: Social, Economic and Cultural Changes' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Economic security for Elderly : Distributional Effects and use pattern of old age pension in Haryana" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया एंव संगोष्ठी के सफल संचालन में Co-Convener की भूमिका का निर्वहन किया।
4. दिनांक 13 अप्रैल, 2023 को निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, सोहना (हरियाणा) द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Land Acquistion in Haryana : An Assessment of Rehabilitation and Resettlement" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
5. मई, 2023 में संपादित पुस्तक, ISBN Number 978-8119232420 में "Land Acquistion in Haryana : An Assessment of Rehabilitation and Resettlement" विषय पर एक अध्याय प्रकाशित करवाया।

**डॉ0 सुमन देवी, सहायक प्रोफेसर ( हिन्दी ) ने –**

1. दिनांक 08 अक्टूबर, 2022 को ब्रिगेडियर रणसिहं राजकीय महाविद्यालय दुजाना, झज्जर द्वारा आयोजित "Soft skills : the career attributes" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
2. दिंनाक 27 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2022 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा "Implementation of NEP-2020 for university and college Teachers" विषय पर आयोजित Professional Development Programme को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
3. दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को गुरू काशी विश्वविद्यालय तलवंडी व महर्षि बाल्मीकि शोध पीठ (महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय) रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में Sant Sahitya & Religion & Philosophy & Science विषय पर आयोजित एक

दिवसीय अन्तर्राष्टीय संगोष्ठी में 'रामायण का लोक व्यवहार पत्र' विषय पर शोध – पत्र प्रस्तुत किया ।

4. दिनांक 4 फरवरी, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की सहभागिता से राजकीय महाविद्यालय बड़ौता, गोहाना में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में 'महिला सशक्तिकरण और हिन्दी साहित्य' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
5. दिनांक 11–12 मार्च, 2023 को स्वामी नितानंद वाणी प्रचार – प्रसार समिति, जटेला धाम माजरा दूबलधन में हरियाणा साहित्य संगोष्ठी में ' व्यक्तित्व निर्माण में नितानन्द वाणी की भूमिका' विषय पर शोध – पत्र प्रस्तुत किया।
6. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) द्वारा 'Development@75: Social, Economic and Cultural Changes' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''स्वतन्त्रता के उपरान्त भाषा, साहित्य और संस्कृति में परिवर्तन'' विषय पर शोध – पत्र प्रस्तुत किया ।
7. दिनांक 29 मार्च, 2023 को लालनाथ हिन्दू कॉलेज रोहतक द्वारा ''वैश्वीकरण के दौरे में साहित्य, राजनीति, मीडिया और बाजार'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी की महता'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
8. मई, 2023 में UGC Certified International peer-Reviewed 'IJARESM' पत्रिका ISSN:2455-6211 में ''डॉ0 हेमलता शर्मा के काव्य संग्रह 'बिलख रही संवेदना' में राष्ट्रभक्ति का स्वरूप'' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया।

**डॉ0 सतेन्द्र कुमार, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) ने –**

1. दिनांक 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर, 2022 तक रामानुज महाविद्यालय, दिल्ली द्वारा संचालित 'Advance Research Methodology' विषय पर आयोजित अन्तःविषयक द्वि–साप्ताहिक ऑनलाइन पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।
2. दिनांक 08 अक्टूबर, 2022 को ब्रिगेडियर रणसिंह राजकीय महाविद्यालय दुजाना (झज्जर) द्वारा 'Soft Skills: The Career Attributes' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेब–गोष्ठी में प्रतिभगिता की।
3. दिनांक 04 फरवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय बड़ौता (गोहाना) द्वारा 'Women Empowerment' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
4. दिनांक 16 फरवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय कोसली (रेवाड़ी) द्वारा 'Literature of the Voiceless and the Unheard in $21^{st}$ Century' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
5. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) द्वारा 'Development@75: Social, Economic and Cultural Changes' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
6. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) द्वारा 'Development@75: Social, Economic and Cultural Changes' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन में Co-Convener की भूमिका का निर्वहन किया।

**डॉ0 सरला देवी, सहायक प्रोफेसर (हिंदी )ने–**

1. दिनांक 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर, 2022 तक रामानुज महाविद्यालय, दिल्ली द्वारा संचालित 'Advance Research Methodology' विषय पर आयोजित अन्तःविषयक द्वि–साप्ताहिक ऑनलाइन पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।
2. दिनांक 08 अक्टूबर, 2022 को ब्रिगेडियर रणसिहं राजकीय महाविद्यालय दुजाना, झज्जर द्वारा आयोजित "Soft skills : the career attributes" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
3. दिंनाक 27 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2022 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा "Implementation of NEP-2020 for university and college Teachers" विषय पर आयोजित Professional Development Programme को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
4. दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को गुरू काशी विश्वविद्यालय तलवंडी व महर्षि बाल्मीकि शोध पीठ (महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय) रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में "Sant Sahitya & Religion & Philosophy & Science" विषय पर आयोजित एक दिवसीय अन्तर्राष्टीय संगोष्ठी में 'सतों द्वारा रचित साहित्य में आदर्श और मूल्यों की स्थापना' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया ।
5. दिनांक 4 फरवरी, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की सहभागिता से राजकीय महाविद्यालय बड़ौता गोहाना में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''महिला सशक्तिकरण और हिन्दी साहित्य'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया एवं सत्र सचांलन में सह–अध्यक्षता (Co-chaired) की भूमिका का निर्वहन किया।
6. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) द्वारा 'Development@75: Social, Economic and Cultural Changes' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी साहित्यःसामाजिक और सांस्कृतिक विकास'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया एंव संगोष्ठी के सफल संचालन में Organising Secretary के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
7. दिनांक 29 मार्च, 2023 को लालनाथ हिन्दू कॉलेज रोहतक द्वारा ''वैश्वीकरण के दौर में साहित्य, राजनीति, मीडिया और बाजार'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी की महता' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
8. मई, 2023 में UGC Certified International peer-Reviewed 'IJARESM' पत्रिका ISSN:2455-6211 में ''अदम गोंडवी के काव्य संग्रह 'समय से मुठभेड़' में सामाजिक–राजनितिक विमर्श'' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया।

**डॉ0 सुमन, सहायक प्रोफेसर ( भूगोल ) ने –**

1. दिनांक 11 जून से 21 अगस्त, 2022 तक Integrated Institute for Advanced Research and Information (IIARI) द्वारा आयोजित ऑन लाइन Two Months SUMMER INTERNSHIP PROGRAM-2022 on "Advanced GIS-RS Modelling & Applications" में भाग लिया।

2. दिनांक 10–14 सितंबर, 2022 के दौरान HI Learn Edutech Institute Bijapur/Vijaypur Karnatka द्वारा "The Art and Science of Research Paper Writing and Publishing" विषय पर आयोजित ऑन लाइन कार्यशाला में भाग लिया।
3. दिनांक 16 सितंबर, 2022 को Centre for Investment Education and Learning on Behalf of Pension Fund Regulatory and Development Authority द्वारा "NPS/APY" विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।
4. दिनांक 23 सितंबर, 2022 को Centre for Investment Education and Learning on Behalf of Pension Fund Regulatory and Development Authority द्वारा "NPS/APY" विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।
5. दिनांक 8 अक्टूबर, 2022 को IQAC, ब्रिगेडियर रणसिंह राजकीय महाविद्यालय दुजाना, झज्जर द्वारा "Soft Skills: The Career Attributes" विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।
6. दिनांक 18–26 नवंबर, 2022 तक Staff Training and Research Institute of Distance Education, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा "Implementation of NEP 2020 for University and College Teachers" विषय पर आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया।
7. दिनांक 03 दिसंबर से 07 जनवरी, 2023 तक Integrated Institute for Advanced Research and Information (IIARI) द्वारा आयोजित ऑन लाइन One Month Professional Online Certificate Course on "ARC GIS: A Geospatial Integrated Tool" में भाग लिया।
8. दिनांक 16 मार्च, 2023 को भूगोल विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, तथा इतिहास विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय दुबलधन द्वारा "Development @75: Social, Economic and Cultural Changes विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सेमिनार में "Impact of Tourism Activities: A case Study of Jari Village, Himachal Pradesh" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
9. दिनांक 18 मार्च, 2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय झोजु कलां चरखी दादरी द्वारा "Women Empowerment in India" Issues, Challenges And Strategies विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में "Land Acquisition and Women" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
**10.** दिनांक 30 मई से 13 जून, 2023 तक Teaching Learning Centre, Ramanujan College University of Delhi in collaboration with Department Of Geography & IQAC, Sahakar Maharshi Shankarrao Mohite-Patil Mahavidyalaya, Natepute Dist. Solapur Maharashtra Rare Two week Refresher Course in "GEOGRAPHY" पूर्ण किया।
**11.** मई, 2023 Walnut Publication.com, OU-625, Nexus Esplanade, Rasulgarh, Bhubaneswar-751010, India द्वारा प्रकाशित पुस्तक "Issues in Food Status

and Socio-Economic Transformations: A Collection of Region Based Studies on Urban Expansion and Land Acquisition in India” में अध्याय प्रकाशित करवाया।

**डॉ0 सोमवीर, सहायक प्रोफेसर ( भूगोल ) ने –**

1. दिनांक 13 अगस्त से 26 अक्टूबर, 2022 तक ऑफिसर प्रशिक्षण अकादमी, कामटी, नागपुर महाराष्ट्र में PRCN कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए अल्फा ग्रेड में लेफ्टिनेंट रैंक प्राप्त किया।
2. दिनांक 24 नवम्बर, 2022 को पं. नेकी राम शर्मा महाविद्यालय में आमंत्रित वक्ता के रुप में ''मैप रीडिंग'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
3. दिनांक 4 फरवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय बड़ौता, सोनीपत में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया व चेयरपर्सन की भूमिका में सत्र संचालन किया।
4. दिनांक 14 फरवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय सिध्रावली, गुरुग्राम में जल प्रबन्धन विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
5. दिनांक 27 फरवरी, 2023 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा में जीवन निर्माण में एकता व अनुशासन का योगदान विषय पर आमंत्रित वक्ता के रुप में व्याख्यान प्रस्तुत किया।
6. दिनांक 17 फरवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय सांपला, रोहतक में सामाजिक विज्ञानः भूत, वर्तमान व भविष्य विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
7. दिनांक 16 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) द्वारा ‘Development@75: Social, Economic and Cultural Changes’ विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया एंव संगोष्ठी के सफल संचालन में Co-Convener की भूमिका का निर्वहन किया।
8. दिनांक 22–29 मार्च, 2023 तक मानव संसाधन विकास केंद्र, केरल विश्वविद्यालय, तिरुवनन्तपुरम में ''सॉफ्ट सिक्ल'' विषय पर लघु अवधि कोर्स में हिस्सा लिया।
9. मई, 2023 में “Water, Sanitation and Hygiene (Wash): Newer Off-Shoot in the Debate on Food-Population Balance in Geography” विषय पर सहायक लेखक के रुप में कार्य करते हुए Walnut Publication.com, OU-625, Nexus Esplanade, Rasulgarh, Bhubaneswar-751010, India. से पुस्तक का प्रकाशन करवाया।
10. मई, 2023 में “Issues in Food Status and Socio-Economic Transformations: A Collection of Region Based Studies on Urban Expansion and Land Acquisition in India” विषय पर संपादक के रुप में कार्य करते हुए Walnut Publication.com, OU-625, Nexus Esplanade, Rasulgarh, Bhubaneswar-751010, India. से पुस्तक का प्रकाशन करवाया।

**कुमारी पूनम, Extension Lecturer (भूगोल ) ने –**

1. दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को गुरु काशी विश्वविद्यालय (तलवड़ी) व महर्षि वाल्मीकि शोध पीठ (म. द. वि.) रोहतक के सयुक्त तत्वाधान में Sant Sahitya & Religion & Philosophy & Science विषय पर आयोजित एक दिवसीय अतंर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में “

India Perspective: A Geographical thought of Religion" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

2. दिनांक 21–31 दिसंबर, 2022 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Professional Development Programme on 'Implementation of NEP-2020 for university & college teachers' को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
3. दिनांक 28 जनवरी, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग (हरियाणा) की सहभगिता से SMRJ राजकीय स्नात्कोतर महाविद्यालय सिवानी (भिवानी) में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में Beti Bachao-Beti Padhao, Improving Girls Education & Status in Haryana विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
4. दिनांक 16 मार्च, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग (हरियाणा) की सहभगिता से राजकीय महाविद्यालय दूबलधन (झज्जर) में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में Spatiotemporal Development in Haryana state GDP encompassing Road Network Development विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएं

ग्रामीण परिवेश में स्थित इस महाविद्यालय की आवश्यकताएं इस प्रकार हैं–

1. महाविद्यालय में नियमित रूप से बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाए।
2. महाविद्यालय में भूगोल विभाग में L.A.के पद स्वीकृत कर के नियमित स्टाफ भेजा जाए।
3. महाविद्यालय में रिक्त पद पर नियमित पुस्तकालयाध्यक्ष भेजा जाए।
4. महाविद्यालय में रिक्त पदों पर नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भेजे जाएं।
5. महाविद्यालय में कला संकाय के अतिरिक्त वाणिज्य संकाय तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं की भी व्यवस्था की जाए।

## आभार अभिव्यक्ति

मैं आयुक्त एवं सचिव, शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा, उपायुक्त, झज्जर एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारीगण, गांव दूबलधन एवं समीपवर्ती गांवों के पंच–सरपंचों व गांववासियों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस महाविद्यालय के विकास, प्रगति व कार्य–संचालन में सहयोग दिया।

मैं महाविद्यालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने सौंपे गए सभी कार्यों को निष्ठापूर्वक सम्पन्न किया।

मैं अपने महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर (हिंदी) डॉ0 सरला देवी का विशेष धन्यवाद करती हूं, जिनके अथक प्रयास से इस प्रतिवेदन का आलेख तथा प्रकाशन समय पर सम्भव हो सका।

मैं अपने प्रिय विद्यार्थियों को विशेष रूप से शुभकामनाएं देता हूं कि ये आने वाली विश्वविद्यालय की परीक्षाओं तथा जीवन में सफलता प्राप्त करें। मुझे अपने विद्यार्थियों पर गर्व है, जिन्होंने महाविद्यालय में पठन एवं पाठ्येतर गतिविधियों में बढ़–चढ़कर भाग लिया

तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया। मुझे आशा व विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार महाविद्यालय का मान–सम्मान बढ़ायेंगे।

धन्यवाद!

प्राचार्य

श्री अशोक कुमार वर्मा, एच0ई0एस0–1
राजकीय महाविद्यालय दूबलधन
(झज्जर)।